**आकाशवाणी शिमला**
**10.09.2025/प्रादेशिक समाचार/920बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के लिए फौरी राहत के तौर 15 सौ करोड़ रूपए की त्वरित वित्तीय सहायता की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आपदा से निपटने के लिए प्रदेश की हरसंभव सहायता करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रीय टीमों के आकलन के बाद प्रदेश को और अधिक आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष एसडीआरएफ की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत क्षतिग्रस्त मकानों की जियो टैगिंग की जाएगी, जिससे नुकसान का सही आकलन और प्रभावित परिवारों तक त्वरित सहायता पहुंचाई जा सकेगी।

**जयराम ठाकुर**

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में आपदा से हुए नुकसान के लिए प्रधानमंत्री का 15 सौ करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए आभार जताया है। कांगड़ा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार ये पैसा पूरी ईमानदारी से आपदा प्रभावितों तक पहुंचाएगी।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने दिल्ली दौरे के दौरान आज 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया से मुलाकात कर प्रदेश के हकों की पैरवी करेंगे। मुख्यमंत्री अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर प्रदेश के लिए अधिक वित्तीय सहायता का आग्रह करेंगे। इस दौरान उनका पार्टी हाईकमान से भी मिलने का कार्यक्रम है।

**हर्षवर्धन चौहान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को सिरमौर जिला में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का सही आकलन कर पात्र व्यक्तियों को राहत दिलाने के लिए सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नाहन में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ज़िला में मॉनसून से करीब 2 सौ 30 करोड़ रूपए का नुकसान आंका गया है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों को अवरूद्ध मार्गों को जल्द खोलने को भी कहा।

**राठौर**

विधायक व कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है जिसके लिए अवैध कटान और खनन पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में आपदा से किसी तरह का नुकसान न हो इसके लिए भी कदम उठाए जाने चाहिए। राठौर ने कहा कि इस आपदा से निपटने के लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की सम्भावना जताई है हालांकि विभाग ने 12 व 13 सितंबर को कई जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। उधर कुल्लू ज़िला प्रशासन ने बंजार व मनाली उपमंडल में आज व कल सभी निजी व् सरकारी शिक्षण संस्थानों सहित आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

**<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से :-</u>**

अमर उजाला की सुर्खी **है आपदा के जख्मों पर मोदी का मरहम–हिमाचल को 15 सौ करोड़ रूपए के राहत पैकेज का एलान।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है **प्रदेश को 15 सौ करोड़ की मदद, मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख देने की घोषणा।** मुख्यमंत्री के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है **एफसीए में छूट का किया आग्रह, प्रधानमंत्री ने कहा विचार करेंगे।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है **राहुल गांधी भी करेंगे हिमाचल –पंजाब का दौरा।**